भूमिका

पशुपालन विभाग की पृथक रूप से स्थापना वर्ष 1944 में की गयी थी। पशुधन के सर्वागीण विकास पशु चिकित्सा, रोग नियत्रणं, प्रजनन एवं चारा विकास आदि कार्यक्रमों को सुनियोजित ढंग से आरम्भ किया गया। वर्तमान में प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और सुदृढ करने के उद्देश्य से विभागीय कार्यक्रमो को स्वरोजगार के माध्यम से जोड़ कर कृषि के साथ पशुपालन वृहत्तर योगदान कर रहा है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) का लगभग 9 प्रतिशत है। पशुधन विकास के चार प्रमुख आयाम, उन्नत पशु प्रजनन, पशु स्वास्थ्य, पशु प्रबन्धन एवं पशु पोषण के क्षेत्र में समग्र प्रयास, पशुधन के चहुमुॅखी विकास का प्रमुख आधार है। वर्तमान में प्रदेश दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में सर्वप्रथम है ।

पशुपालन विभाग की सरंचना

प्रदेश में प्रथमवार 2 निदेशक के पदों का सृजन किया गया है जिस पर दोनों निदेशक अपने–अपने पदों पर पदासीन है जिनके सहयोग हेतु चार अपर निदेशक (ग्रेड–1), 1 वित्त नियत्रंक एवं 1 संयुक्त निदेशक (प्रशासन) के पद सृजित है। पशुपालन विभाग का विस्तृत संगठनात्मक ढांचा अन्तिम पृष्ठ पर संलग्न है ।

(1) मुख्य उद्देश्यः–

विभाग मुख्य रूप से निम्न उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कियाशील हैः–

1– प्रदेश में दूध, अण्डा, ऊन एवं मांस उत्पादन में वृद्वि कर प्रदेश को स्वावलम्बी बनाना ।

2– समन्वित पशु स्वास्थ्य सुरक्षा एवं चिकित्सा कार्यक्रमों की क्षमता का उपयोग कर पशुओं को स्वस्थ रखना। विभिन्न पशु महामारियों के नियंत्रण एवं उन्मूलन हेतु समग्र एव सघन प्रयास करना।

3– प्रदेश के लिए निर्धारित पशु प्रजनन नीति के अनुसार उन्नत प्रजनन एवं बधियाकरण कार्यक्रम का संचालन करना।

4– विभिन्न लघु पशुओं (भेड़/बकरी/सूकर आदि) का विकास एवं लघु पशु उत्पादन क्षेत्र में स्वरोजगार का सृजन एवं गरीब ग्रामीणों का आर्थिक स्वावलम्बन सुनिश्चित करना ।

5– पशुधन हेतु पर्याप्त चारे एवं पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित करना ।

6– चयनित पैरावेटों को प्रशिक्षण प्रदान करना ।

7– पशुपालको को उनके पशुधन उत्पादो का समुचित मूल्य उपलब्ध कराना ।

8– गौशालाओं का विकास करना,गोवंशीय पशुओं की अवैध तस्करी/परिवहन को रोकने एवं गोवध निवारण अधिनियम का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु सहयोग प्रदान करना।

9– पशु चिकित्सा के क्षेत्र में आधुनिक वैज्ञानिक विधियों का समावेश ।

10– पशुपालन विभाग के कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार करना।

11– उद्यमिता विकास से सम्बंधित योजनाओं को संचालित करना।

(2) पशुपालन विभाग के प्रमुख कार्यक्रम

1– पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें।

2– गाय एवं भैंस विकास।

3– कुक्कट विकास ।

4— भेड़—बकरी विकास।
5— सूकर विकास ।
6— अन्य पशुधन विकास
7— चारा और चरागाह विकास ।
8— गौशाला एवं गो सदनों का विकास।
9— गो सेवा आयोग का सुदृढ़ीकरण ।
10— पशुपालन प्रचार एवं प्रसार का कार्यक्रम ।
11— प्रशासनिक अन्वेषण एवं सांख्यकीय ।
12— बुन्देलखण्ड क्षेत्र की विशेष योजनाए।
13— उत्तर प्रदेश कृषि विविधीकरण परियोजना।
14— उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद का कार्यान्वयन।
15— उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम ।
16— वेटनरी काउन्सिल का कार्यान्वयन ।
17— 19वी पशुगणना कार्यक्रम।
18— राष्ट्रीय कृषि विकास योजनायें ।
19— नेशनल लाईव स्टाक मिशन की योजनायें।
20— उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद की योजनायें।

उपलब्धियॉ

1. उत्तर प्रदेश 251.977 लाख मीट्रिक टन दुग्ध के साथ देश में प्रथम स्थान पर है। वर्ष 2014—15 में 2077.450 मिलियन अण्डे एवं 14.941 लाख किलोग्राम ऊन का उत्पादन किया गया।
2. प्रदेश मांस उत्पादन एवं निर्यात में भी प्रथम स्थान पर है।
3. उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में शत—प्रतिशत पशुओं को खुरपका—मुॅहपका रोग का टीका लगाकर रोग मुक्त क्षेत्र की स्थापना के लिये प्रयास/व्यापक टीकाकरण से पशुओं में कोई व्यापक महामारी नहीं हुई।

4. प्रदेश में गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं में बढ़ती हुई बॉझपन की समस्या के निराकरण हेतु विशेष योजना लागू कर 3.17 लाख पशुओं की वर्ष 2014–15 में चिकित्सा कर पशुओं के प्रजनन चक्र को सामान्य करने से दुग्ध उत्पादन में अतिरिक्त बढ़ोत्तरी प्राप्त की गयी है।
5. पशु एवं कुक्कुट आहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु अत्याधुनिक परिवेश की न्यूट्रीशन प्रयोगशाला लखनऊ मुख्यालय पर क्रियाशील है।
6. ग्रामीण नवयुवकों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से ग्राम पंचायत स्तर पर पैरावेट्स का चयन करते हुए प्रशिक्षित कर रोजगार उपलब्ध कराया गया।
7. कामधेनु योजना अर्न्तगत लाभार्थियो द्वारा 44,451 उच्च नस्ल के दुधारू पशु क्रयकियेगये है जिनसे प्रदेश में 5,32,000 लीटर प्रतिदिन अतिरिक्त दुग्ध उत्पादन हो रहा है।
8. कुक्कुट विकास नीति 2013 के अर्न्तगत संचालित कामर्शियल लेयर फार्म की 92 इकाईयां क्रियाशील है, जिनसे 25 लाख अण्डों का प्रदेश में अतिरिक्त उत्पादन हो रहा है एवं 10750 व्यक्तियो को स्वरोजगार प्राप्त हुआ है। उक्त योजनार्न्तगत प्रदेश में रू0 230 करोड़ का निवेश हुआ है।
9. 30000 बैकयार्ड कुक्कुट इकाईयों की स्थापना से अनुसूचित जाति के कुक्कुट पालकों को स्वरोजगार उपलब्ध कराया गया।
10. जन समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु पशुधन समस्या निवारण केन्द्र की स्थापना की गयी है, जिसका टोल फ्री नं0–18001805141 एवं 0522–2741991 है। वर्तमान में 4621 शिकायते प्राप्त हुई जिसमें से 3866 शिकायतो का त्वरित निस्तारण किया गया है।

(3) पशुधन का स्तरः

पशुगणना वर्ष 2007 (18वी पशुगणना) तथा 2012 (19वीं पशुगणना) के अनुसार प्रदेश में पशुधन संख्या (कुत्तों सहित) क्रमशः 693.69 लाख तथा 746.71 लाख रही, जैसा कि निम्नलिखित तालिका में दर्शित हैः–

(लाख में)

पशु प्रजाति का विवरण	पशुओं की संख्या वर्ष 2007	पशुओं की संख्या वर्ष 2012	वृद्धि/ह्रास का प्रतिशत
कुल पशुधन	693.69	746.71	7.64
कुल गोवंशीय	190.97	205.66	7.69
1 दूध दे रही	45.47	58.83	29.38
2 सूखी	14.04	23.72	68.95
कुल महिषवंशीय	264.40	306.25	15.83
1 दूध में	91.86	105.38	14.72
2 सूखी	25.75	34.12	32.50
कुल बकरी	148.29	155.86	5.10
कुल भेड़	14.00	13.54	(–) 3.29
कुल सूकर	19.87	13.34	(–) 32.86

अन्य पशुधन	2.13	2.60	22.64
कुत्ते	54.03	49.46	(–) 8.46
कुक्कुट	178.80	186.68	4.41

(4) उत्पादकता एवं उत्पादनः

अ–उत्पादकताः–

वर्ष 2011–12 की सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश में विभिन्न पशुजन्य पदार्थों का उत्पादन तथा प्रति पशु औसत उत्पादकता निम्नवत हैः–

कमांक	**पशुजन्य पदार्थ का नाम**	**पशु प्रजाति का नाम**	**उत्पादन इकाई का नाम**	**वर्ष 2013–14**	**वर्ष 2014–15**
1	दुग्ध उत्पादन	क–भारतीय गाय	किलोग्राम	2.587	2.597
		ख–वर्ण संकर	किलोग्राम	7.091	7.103
		ग–औसत सम्पूर्ण	किलोग्राम	3.146	3.178
		घ–भैंस	किलोग्राम	4.454	4.467
		ड.–बकरी	किलोग्राम	0.758	0.762
प्रतिपक्षी प्रतिवर्ष औसत उत्पादन					
2	अण्डा उत्पादन	क–अवर्णित	संख्या	174.6	145.4
		ख–उन्नतिशील	संख्या	231.5	199.3
		ग–औसत सम्पूर्ण	संख्या	188.3	190.3
3	ऊन उत्पादन	भेड़	किलोग्राम	0.895	0.902

ब–उत्पादन स्तरः– प्रदेश में पशुओं का उत्पादन स्तर निम्नलिखित हैः–

कं0 सं0	पशुजन्य पदार्थ का नाम	इकाई का नाम	2001–02 का स्तर	ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त की	बारहवीं पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य	2014–15 की पूर्ति (वास्तविक)	15–16 का लक्ष्य	दिसम्बर–15 तक (अनन्तिम)	16–17 का लक्ष्य

				उपलब्धि					
1	दूध	लाख मी0टन	145.945	225.56	362.455	251.977	329.504	191.56	362.455
2	अण्डा	मिलियन	805.64	1607.6	1876.579	2077.450	1705.981	1343.92	1876.579
3	ऊन	लाख कि.ग्रा.	18.507	14.202	26.233	14.941	25.718	9.99	26.233

(5) विभागीय आय–व्ययक स्तरः– (अनुदान संख्या–15 के अधीन)

विभागीय उद्देश्यों की पूर्ति हेतु आयोजनागत तथा आयोजनेत्तर की योजनाओं के अन्तर्गत धन की व्यवस्था की गयी है। आयोजनागत योजनाओं के अन्तर्गत निम्न योजनायें कियान्वित की जा रही हैः–

1. पशुचिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य
2. पशु तथा भैंस विकास
3. कुक्कुट विकास
4. भेड़ तथा ऊन विकास
5. सूकर विकास
6. अन्य पशुधन विकास
7. चारा तथा चारागाह विकास
8. प्रशासनिक अन्वेषण तथा सांख्यकीय
9. शिक्षा एवं प्रसार
10. नेशनल लाईव स्टाक मिशन

इसी प्रकार आयोजनेत्तर पक्ष के अन्तर्गत सभी कार्यक्रमों को सम्मिलित करते हुए निम्न दो योजनाओं के अन्तर्गत विभक्त किया गया हैः–

1. निदेशन तथा प्रशासन

2. अन्य पशुधन विकास

वर्ष 2016–17 में आयोजनागत तथा आयोजनेत्तर के अन्तर्गत निम्न धन का आय–व्ययक प्राविधान हुआ है जिसका विवरण निम्नवत है :–

क्र0सं0	मद का नाम	आय व्ययक प्राविधान		(रू0 लाख में)
		आयोजनागत	आयोजनेत्तर	योग
1	अधिष्ठान	2419.02	72440.06	74859.08
2	आकस्मिक	45953.66	3414.21	49367.87
	योग मतदेय	48372.68	75854.27	124226.95
	भारित	–	13.79	13.79

पशुपालन का वर्तमान स्तर :–

उत्तर प्रदेश विशाल जनसंख्या एवं क्षेत्रफल वाला प्रदेश है। प्रदेश की 20 करोड़ से अधिक आबादी है। इसकी जनसंख्या राष्ट्रीय जनसंख्या का लगभग 16.16 प्रतिशत है, जिसमें अनुमानत 70–80 प्रतिशत लोग आज भी गॉवों में रहते हैं तथा कृषि आधारित कार्यों में संलग्न है। इनमें 65 प्रतिशत ग्रामीण छोटे कृषक, 7.8 प्रतिशत दो एकड़ से कम जोत वाले कृषक तथा 27.2 प्रतिशत दो से पॉच एकड़ की जोत वाले कृषक है। फलस्वरूप प्रदेश के बहुसंख्यक किसानों को कृषि के साथ अन्य कार्य अपनी जरूरतों की पूर्ति हेतु करना पड़ता है। ऐसे ग्रामीणों के रोजी रोटी हेतु पशुपालन सर्वोत्तम विकल्प है, क्योंकि छोटी जोतों पर भी यह किसानों को नियमित एवं सुनिश्चित आय सुलभ कराता है। वस्तुतः प्रदेश में उपलब्ध पशुधन का लगभग 70 प्रतिशत रख–रखाव इन्हीं लघु कृषकों/भूमिहीन कृषि श्रमिकों द्वारा किया जाता है।

प्रदेश 251.97 लाख मी0टन0 दुग्ध उत्पादन के साथ देश में प्रथम स्थान पर है। प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 321 ग्राम प्रतिदिन है। उपर्युक्त तालिकाओं के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रति गाय अथवा प्रति भैंस औसत दैनिक उत्पादन क्रमशः 3.178 तथा 4.467 किलोग्राम है। इस प्रकार प्रदेश में प्रति पशु दुग्ध उत्पादन वृद्धि की असीम सम्भावनायें हैं।

सकल अण्डा उत्पादन में प्रदेश आठवें स्थान पर है, और 35 प्रतिशत अण्डा निजी क्षेत्रों से तथा 65 प्रतिशत बैकयार्ड पोल्ट्री से प्राप्त होता है, प्रदेश में पक्षियों से प्रति पक्षी औसत वार्षिक अण्डा उत्पादन की संख्या 190.2 है। अण्डा/मांस के उत्पादन–खपतें के अन्तर को पूरा करने के लिए लगभग 75 लाख अण्डा और 30 लाख ब्रायलर पक्षियो का प्रतिदिन निकटस्थ प्रदेशो से आयात करना होता है। इस प्रकार कुक्कुट पालन व्यवसाय के निजी क्षेत्रों में विकास की पूर्ण संभावनायें है। यह कम लागत से प्रारम्भ हो सकने वाला उत्तम व्यवसाय है।प्रदेश में कुक्कुट उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भता तथा उद्यमिता विकास हेतु कामर्शियल लेयर तथा ब्रायलर पैरेन्ट इकाईयों की स्थापना के कार्यक्रम व्यापक स्तर पर लिये गये है।

बकरी,भेड़ एवं सूकर पालन के कार्य जो कि प्रजातिवार कम विकसित है और भूमिहीन कृषि श्रमिकों तथा उनकी महिलाओं में सुग्राहय है, के द्वारा सुगमतापूर्वक अपनायें जा सकते है। सामान्यतया ये कार्य सामाजिक दृष्टि से पिछड़े एवं कमजोर वर्ग के लोगो द्वारा किये जाते है। भेड एवं बकरी पालन को बढावा देने हेतु नेशनल लाइव स्टाक मिशन के अन्तर्गत कार्यक्रम लिये गये हैं।

योजनाओं के अन्तर्गत विभागीय परिव्यय (धनराशि लाख में)

कोड नं0	कार्य का वृहद शीर्षक	वर्ष 2012–13		वर्ष 2013–14		वर्ष 2014–15		वर्ष 2015–16		वर्ष 2016–17 का प्रस्तावित परिव्यय
		परिव्यय	व्यय	परिव्यय	व्यय	परिव्यय	व्यय	परिव्यय	व्यय (जनवरी 16 तक)	
1	2	5	6	7	8	9	10			11
001	निदेशन तथा प्रशासन	0.00	0.00	39.35	35.14	39.71	39.252	43.09	38.13	80.00
101	पशुचिकित्सा सेवाएं तथा पशु स्वास्थ्य	2624.61	2136.343	3375.99	2100.88	2453.34	3839.989	8320.80	2434.92	11000.00
102	पशु तथा भैंस विकास	1028.50	817.07	1012.83	5547.10	12743.59	9583.055	8112.08	4500.12	12500.00
103	कुक्कुट विकास	1322.00	1355.18	1146.00	1012.22	950.00	1449.315	1791.75	1100.9	2060.153
104	भेड़ तथा ऊन विकास	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00

105	सूकर विकास	511.18	302.33	526.00	521.98	116.50	92.053	860.03	106.09	1200.00
106	बकरी एवं अन्य पशुधन विकास	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	100.00
107	चारा एवं चारागाह विकास	30.85	20.00	17.97	17.97	5.00	4.5	28.00	0.00	65.00
109	पशुधन का प्रचार–प्रसार	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
113	शोध एवं सांख्यकीय	139.73	69.825	139.00	84.46	140.00	1639.457	112.80	405.75	129.72
800	अन्य व्यय (एजूकेशन एण्ड ट्रेनिंग)	897.00	546.28	540.64	1363.84	451.86	134.371	252.18	123.90	290.007
000	लाइव स्टाक एवं एग्रीकल्चर फार्म	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	योग	**6553.87**	**5247.028**	**6797.78**	**10683.20**	**10900.00**	**16781.99**	**19521.00**	**8709.81**	**27424.88**

नोट–वर्ष 2015–16 का माह जनवरी, 2016 तक के व्यय दर्शया गया है।

प्रक्रियात्मक रणनीति

विभागीय समस्त कार्यक्रमों के लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति तथा उसमें गुणात्मक सुधार लाये जाने हेतु निम्न प्रक्रिया अपनायें जाने हेतु बल दिया गया है:–

1. पशुपालन के क्षेत्र में गुणात्मक एवं मात्रात्मक मानव संसाधन विकास हेतु पशु चिकित्सा सेवाओं का विस्तार।
2. संक्रामक रोगों पर नियंत्रण के लिए सघन टीकाकरण का संचालन एवं पशु चिकित्सा सेवाओं का विस्तार।
3. पशुओं में अनुवर्रता शिविरो का आयोजन करना।
4. उन्नत पशु प्रजनन को 27.5 प्रतिशत के स्तर से 50 प्रतिशत तक बढ़ाना।
5. कुक्कुट पालन को बढ़ावा देने के लिए बैकयार्ड कुक्कुट इकाईयों की स्थापना।
6. कुक्कुट उद्यमिता का विकास करना।
7. सूकर एवं भेड़, बकरी पालन को बढ़ावा देकर गरीब ग्रामीणों का आर्थिक उत्थान करना।
8. पशुओं को उचित पोषण सुनिश्चित करने हेतु चारा एवं चारागाह विकास कार्यक्रम संचालित करना।
9. बेरोजगार युवक–युवतियों को रोजगार के लिए पैरावेट प्रशिक्षण की योजना को प्रभावी बनाना।

वर्ष 2015–16 हेतु प्राथमिकतायें

1. कृषि से सम्बद्ध किसानों एवं कृषि श्रमिकों की आय में वृद्धि कराये जाने के उद्देश्य सें पशुधन/कुक्कुट इकाईयों की स्थापना तथा अन्य कार्यक्रमों हेतु प्रोत्साहित करना।
2. विभिन्न कार्यक्रमों, यथा पशु प्रजनन, पशु चिकित्सा तथा स्वास्थ्य में गुणात्मक सुधार लाया जाना एवं पशुपालन सेवाओं का विस्तार करना।
3. किसानों को अधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से स्थानीय जरूरतों के अनुरूप पशुपालन की योजनाएं तैयार करना तथा उनके क्रियान्वयन में किसानों की सहभागिता सुनिश्चित कराना।
4. मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में से एक कामधेनु/मिनी कामधेनु इकाईयों की ब्याज मुक्त ऋण योजना के संचालन की कार्यवाही की जा रही है।
5. उत्तर प्रदेश कुक्कुट विकास नीति–13 को क्रियान्वित कर कुक्कुट पालन में उद्यमिता विकास।

विभागीय संस्थाएं

क्र0सं0	संस्था का नाम	वर्ष 2015–16 की वास्तविक स्थिति
1.	पशु चिकित्सालय	2200
2.	पशु सेवा केन्द्र	2575
3.	डी श्रेणी पशु औषधालय	268
4.	सचल पशु चिकित्सालय	25
5.	पालीक्लीनिक	05
6.	केन्द्रीय प्रयोगशाला	01
7.	मण्डलीय प्रयोगशाला	10
8.	कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र	5043
9.	तरल नत्रजन केन्द्र	02
10.	अति हिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र	03
11.	सघन भेड़ विकास प्रायोजना	01
12.	मेढ़ा केन्द्र	05
13.	भेड़ तथा ऊन प्रसार केन्द्र	180
14.	भेड़ प्रक्षेत्र	02
15.	राजकीय बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र	06
16.	भदावरी भैस एवं जमुनापारी बकरी प्रजनन	01
17.	राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र	10
18.	सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र	06
19.	सूकर रोग निदान प्रयोगशाला	01
20.	सूकर पालन प्रशिक्षण केन्द्र	01
21.	बतख प्रक्षेत्र	01
22.	बटेर प्रक्षेत्र	01
23.	कुक्कुट काम्प्लेक्स	09
24.	कुक्कुट रोग निदान प्रयोगशाला	01

25.	सचल कुक्कुट डायग्नोस्टिक लैब	10
26.	कुक्कुट पालन प्रशिक्षण केन्द्र	01
27.	कुक्कुट प्रक्षेत्र	11
28.	पुलोरम डिजीज कन्ट्रोल यूनिट	02
29.	पशुशव उपयोग प्रशिक्षण केन्द्र, बक्शी का	01
30.	पशुधन प्रसार अधिकारी प्रशिक्षण केन्द्र	02
31.	बोवाइन स्टर्लिटी एवं इन्फर्टिलिटी नियंत्रण	09
32.	थनैला रोग नियंत्रण प्रयोगशाला, मुख्यालय	01
33.	टी0बी0ब्रूसेला एवं जोनाईन यूनिट, मुख्यालय	01
34.	आहार पारक्षण प्रयोगशाला, मुख्यालय	01
35.	इपिडिमियोलॉजी यूनिट, मुख्यालय	01
36.	कैनाईन रैबीज कन्ट्रोल यूनिट	10
37.	पशु जैविक औषधि संस्थान, लखनऊ	01

ई–गवर्नेन्स के अन्तर्गत प्रमुख कार्यक्रम

पशुपालन विभाग अन्तर्गत विभाग में एक ई–गवर्नेन्स कक्ष कार्यरत है। पशुपालन विभाग की वेबसाइट **(http://animalhusb.up.nic.in)** कार्यरत है। जिसमें विभागीय क्रियाकलापों, कार्यक्रमों, संस्थाओं एवं विभिन्न प्रशिक्षण आदि की महत्वपूर्ण जानकारी इन्टरनेट पर प्रेषित की गई है। वेबसाइट समय–समय पर अधुनान्त (अपडेट) की जाती है। विभागीय वेबसाइट पर नागरिक अधिकार पत्र, सूचना का अधिकार अधिनियम उपलब्ध है। विभाग द्वारा किये जाने वाले समस्त टेण्डर, टेण्डर फार्म, दर सूचियां विभागीय बेवसाइट पर उपलब्ध करायी जाती हैं। विभाग के टेन्डर वेबसाइट से डाउनलोड कर भरे जा सकते हैं। बेवसाइड पर सभी पशुचिकित्साविदों के अधिष्ठान से सम्बन्धित विवरण एवं वरिष्ठता सूची उपलब्ध है। न्यायालयों के वादों के त्वरित निस्तारण को दृष्टिगत रखते हुये वादों को कम्प्यूटरीकृत किया गया है जिससे वादों का अनुश्रवण प्रभावी हो गया है। 19वीं पशुगणना के ऑकडे भी वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये है। साथ ही वित्तीय स्वीकृतियॉ, बजट एवं आवंटन तथा अन्य विभागीय शासनादेश भी वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये हैं।

वर्तमान में निदेशालय के प्रत्येक अनुभाग में कम्प्यूटर कार्यरत है। प्रदेश के 18 मण्डलीय कार्यालयों एवं जनपद मुख्यालयों पर भी कम्प्यूटर स्थापित एवं कार्यशील हैं। विभागीय सूचनाओं के त्वरित प्रेषण हेतु विभाग द्वारा अधिक से अधिक ई–मेल एवं बेवसाइट का प्रयोग किया जा रहा है।

विभाग अन्तर्गत अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन भत्तों एवं अन्य सभी प्रकार के देयकों का त्वरित एवं सुगमतापूर्वक भुगतान सुनिश्चित करने हेतु ई–पेमेन्ट प्रणाली लागू की गई है। बजट आवंटन प्रकिया को भी पूर्ण रुप से कम्पयूटरीकृत किया गया है तथा बजट आवंटन का कार्य आनलाइन किया जा रहा है।

प्रदेश के पशुपालकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु मुख्यालय पर एक **पशुधन समस्या निवारण केन्द्र** की स्थापना की गई है, जो पशुपालकों के हित में प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक सप्ताह के सातो दिन कार्यरत हैं। उक्त केन्द्र पूर्णतया आन लाइन एवं आधुनिक सूचना तकनीक पर क्रियाशील है। इसके माध्यम से पशुपालकों की पशुधन संबंधी समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध रूप से निस्तारण किया जा रहा है।

विभाग अन्तर्गत जनपदीय एवं मण्डलीय अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा सूचना तकनीक का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है एवं इस हेतु उन्हें कम्प्यूटर संचालन, इन्टरनेट, ई–मेल आदि का प्रशिक्षण भी मुख्यालय पर दिया जा रहा है।

भारत सरकार के पशुपालन एवं डेरी विभाग के सहयोग से पशु रोगों पर प्रभावी नियंत्रण एवं निगरानी के उद्देश्य से **नेशनल एनीमल डिजीज रिर्पोटिंग इन्फार्मेशन सिस्टम (एन0ए0डी0आर0एस0) आनलाइन** नेटवर्क प्रदेश में स्थापित किया गया है। जिससे ब्लाक स्तर के पशु चिकित्सालय पशुरोगों की निगरानी हेतु जनपदीय कार्यालयों से एवं मुख्यालय के एन0ए0डी0आर0एस0 सेल से जुड़ जायेगें एवं डिजीज रिपोर्टिग का कार्य प्रारम्भ हो गया है, जिससे निरन्तर पशुरोगों की निगरानी एवं नियंत्रण में प्रभावी एवं गुणात्मक सुधार आयेगा।

प्रदेश में प्रथम बार विभागीय भर्तियों हेतु आन लाइन आवेदन पत्र प्राप्त कर परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गई। परीक्षा प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता हेतु कम्प्यूटराइजेशन एवं ई–गर्वर्नेन्स का प्रभावशाली योगदान रहा ।

वित्तीय आवश्यकतायें

(तालिका–क)

क– कार्यक्रम का वर्गीकरण

(धनराशि लाख रू0 में)

कार्यक्रम	वास्तविक व्यय			आय–व्ययक अनुमान		
	2014–15			2015–16		
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग
001.निदेशन तथा प्रशासन	38.34	54636.30	54674.64	43.09	62676.10	62719.19
101.पशुचिकित्सा सेवायें तथा पशुस्वास्थ्य	2662.29	–	2662.29	8366.91	–	8366.91
102.पशु तथा भैंस विकास	9339.61	–	9339.61	9913.23	–	9913.23
103.कुक्कुट विकास	549.62	–	549.62	781.75	–	781.75
104.भेड़ तथा ऊन विकास	–	–	–	39.66	–	39.66
106.अन्य पशुधन विकास	13.50	3012.64	3026.14	526.00	3161.32	3687.32
107.चारा तथा चारागाह विकास	3.50	–	3.50	1049.44	–	1049.44
113.प्रशासनिक अन्वेषण तथा सांख्यकीय	1635.71	–	1635.71	367.60	–	367.60
800.अन्य व्यय	101.24	2482.95	2584.19	252.18	2610.00	2862.18
2013. मंत्रि परिषद	–	0.10	0.10	–	0.10	0.10
भारित	–	–	–	–	13.79	13.79
योग–मतदेय	**14343.81**	**60131.99**	**74475.80**	**21339.86**	**68461.31**	**89801.17**

कार्यक्रम	पुनरीक्षित अनुमान	आय–व्ययक अनुमान
	2015–16	2016–17

	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग
001.निदेशन तथा प्रशासन	39.45	56506.94	56546.39	170.42	68813.54	68983.96
101.पशुचिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य	8909.32	—	8909.32	27555.07	—	27555.07
102.पशु तथा भैंस विकास	12249.65	141.00	12390.65	17621.12	141.00	17762.12
103.कुक्कुट विकास	781.75	—	781.75	1900.00	—	1900.00
104.भेड़ तथा ऊन विकास	39.66	—	39.66	4.00	—	4.00
106.अन्य पशुधन विकास	526.00	2967.91	3493.91	207.00	3395.73	3602.73
107.चारा तथा चारागाह विकास	1049.44	—	1049.44	479.60	—	479.60
113.प्रशासनिक अन्बेषण तथा सांख्यकीय	751.46	—	751.46	230.18	—	230.18
800.अन्य व्यय	252.18	2921.33	3173.51	205.29	3503.90	3709.19
2013. मंत्रि परिषद्	—	0.10	0.10	—	0.10	0.10
भारित	—	13.79	13.79	—	13.79	13.79
योग–मतदेय	**24598.91**	**62537.28**	**87149.98**	**48372.68**	**75868.06**	**124240.74**

ख –उद्देश्यवार वर्गीकरण

(तालिका ख)

(धनराशि लाख रू0 में)

कार्यक्रम	वास्तविक व्यय			आय–व्ययक अनुमान		
	2014–15			2015–16		
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग
1.वेतन	699.51	26113.46	26812.97	792.11	27830.60	28622.71
2सहायता अनुदान–सामान्य(वेतन)	24.57	2159.61	2184.18	52.18	2360.00	2412.18
3.महगाई भत्ता	672.37	26925.90	27598.27	950.53	33396.72	34347.25
4.यात्रा भत्ता	173.94	82.79	256.73	276.10	65.00	341.10
5.अन्य भत्ता	34.06	1368.61	1402.67	81.01	1487.60	1568.61
6.प्रासांगिक :–						
(क)सामान्य	4640.54	3481.62	8122.16	15456.86	3307.60	18764.46
(ख)भारित	–	–	–	–	13.79	13.79
7.कैपिटल आउटले	8098.82	–	8098.82	3731.07	–	3731.07
कुल योग	**14343.81**	**60131.99**	**74475.80**	**21339.86**	**68461.31**	**89801.17**
कार्यक्रम	पुनरीक्षित अनुमान			आय–व्ययक अनुमान		
	2015–16			2016–17		
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग
1.वेतन	712.90	25047.56	25760.46	812.86	28623.13	29435.99
2सहायता अनुदान–सामान्य(वेतन)	52.18	2671.33	2723.51	55.29	3253.90	3309.19
3.महगाई भत्ता	848.36	29806.60	30654.96	1105.49	38927.46	40032.95
4.यात्रा भत्ता	276.10	67.66	343.76	364.10	67.00	431.10
5.अन्य भत्ता	81.01	1487.60	1568.61	81.28	1575.57	1656.85
6.प्रासांगिक :–						
(क)सामान्य	15860.87	3456.53	19317.4	28416.20	3407.21	31823.41
(ख)भारित	–	13.79	13.79	–	13.79	13.79
7.कैपिटल आउटले	6767.49	–	6767.49	17537.46	–	17537.46
कुल योग	**24598.91**	**62551.07**	**87149.98**	**48372.68**	**75868.06**	**124240.74**

ग–वित्तीय साधनों का स्रोत

(तालिका ग) (लाख रू0 में)

अनुदान संख्या/ लेखाशीर्षक	वास्तविक व्यय			आय–व्ययक अनुमान		
	2014–15			2015–16		
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग
15.2013 मंत्रि परिषद	–	0.10	0.10	–	0.10	0.10
15.2403 पशुपालन	6244.99	60131.89	66376.88	17608.79	68447.42	86056.21
15.4403 पशुपालन पर पूँजीगत परिव्यय	8098.82	–	8098.82	3731.07	–	3731.07
भारित	–	–	–	–	13.79	13.79
कुल योग	**14343.81**	**60131.99**	**74475.80**	**21339.86**	**68461.31**	**89801.17**
अनुदान संख्या/ लेखाशीर्षक	पुनरीक्षित अनुमान			आय–व्ययक अनुमान		
	2015–16			2016–17		
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग
15.2013 मंत्रि परिषद	–	0.10	0.10	–	0.10	0.10
15.2403 पशुपालन	17831.42	62537.18	80368.6	30835.22	75854.17	106689.49
15.4403 पशुपालन पर पूँजीगत परिव्यय	6767.49	–	6767.49	17537.46	–	17537.46
भारित	–	13.79	13.79	–	13.79	13.79
कुल योग	**24598.91**	**62551.07**	**87149.98**	**48372.68**	**75868.06**	**124240.74**

वित्तीय आवश्यकताओं का विवरण

1–निदेशन तथा प्रशासन

वित्तीय माँग

धनराशि लाख रू0 में

लेखाशीर्षक	वास्तविक व्यय			आय–व्ययक अनुमान		
	2014–15			**2015–16**		
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग
निदेशन तथा प्रशासन						
मतदेय	38.34	54636.30	54674.64	43.09	62676.10	62719.19
भारित	–	–	–	–	13.79	13.79
लेखाशीर्षक	पुनरीक्षित अनुमान			आय–व्ययक अनुमान		
	2015–16			**2016–17**		
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग
निदेशन तथा प्रशासन						
मतदेय	39.45	56506.94	56546.39	170.42	68813.54	68983.96
भारित	–	13.79	13.79	–	13.79	13.79

परिचयात्मकः–

मण्डलों में अपर निदेशक, ग्रेड–II तथा जनपदों में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी का पद सृजित है। जनपदीय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र के पशुपालन के क्रिया–कलापों के उचित प्रशासन तथा क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा क्षेत्र के कार्यकलापों का निरीक्षण किया जाता है तथा निरीक्षण के समय पायी गयी विशेष बातों के सम्बन्ध में निदेशालय से सम्बन्धित अधिकारियों तथा मण्डलाधिकारियों को यथोचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाता है।

कार्यभार का सारांश, वित्तीय आवश्यकताओं का औचित्य

विभागीय कार्यकलापों का संचालन मण्डल स्तर पर अपर निदेशक, ग्रेड–II तथा जिला स्तर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा किया जाता है। इनके द्वारा कार्यक्रमों का संचालन एवं प्रशासनिक कार्य सम्पादित किया जाता है।

2–पशुचिकित्सा सेवाएं तथा पशु स्वास्थ्य

वित्तीय माँग

(धनराशि लाख रू0 में)

लेखाशीर्षक	वास्तविक व्यय			आय–व्ययक अनुमान		
	2014–15			2015–16		
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग
पशुचिकित्सा सेवा एवं पशु स्वास्थ्य	2662.29	–	2662.29	8366.91	–	8366.91
लेखाशीर्षक	पुनरीक्षित आकडे.			आय–व्ययक अनुमान		
	2015–16			2016–17		
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग
पशुचिकित्सा सेवा एवं पशु स्वास्थ्य	8909.32	–	8909.32	27555.07	–	27555.07

परिचयात्मकः–

वर्तमान में कृषि विकास का कार्य तेजी से हो रहा है वहीं पशुधन गॉव के किसान एवं पशुपालकों की आर्थिक उन्नति का प्रमुख साधन बन गया है । विभिन्न पशुधन विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में **पशुचिकित्सा एवं पशु स्वास्थ्य** एक महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन कर रहा है। आज पशुधन विकास ''संकर प्रजनन'' में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित कर चुका है, ऐसे में संकर वर्ण पशुओ की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की महत्ता और बढ़ गयी है। संकर वर्ण पशुओं में संक्रामक रोगों, जीवाणु जनित रोगों एवं मैटावोलिक डिस–आर्डर की समस्यायें प्रमुख है। ये समस्याएं भारतीय मूल के पशुओं में भी पाई जाती हैं। ऐसी परिस्थिति में पशुओं को पूर्णतः स्वस्थ रखना अपरिहार्य है। इसलिए पशु चिकित्सा एवं पशु स्वास्थ्य का महत्व स्वतः बढ़ जाता है।

उद्देश्यः–

पशु चिकित्सा सेवा एवं पशु स्वास्थ्य के अन्तर्गत कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य निम्न हैः–

1– प्रदेश के पशुओं को चिकित्सा सुविधा एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधायें उपलब्ध कराना ।
2– पशुओं में फैलने वाली संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु टीकाकरण कार्य निष्पादित करना ।
3– उन्नतशील पशुओं की वृद्धि के दृष्टिकोण से अवर्णित व अनुपयोगी नर पशुओं का बधियाकरण करना।
4– विषय विशेषज्ञों द्वारा पशु चिकित्सा, शल्य क्रिया एवं एक्स–रे आदि सेवाओं को पशु चिकित्सा पालीक्लीनिक के माध्यम से उपलब्ध कराना।
5– पशुओं में उत्पन्न होने वाली बीमारियों के निदान हेतु रोंगों की जॉच, पैथालौजी की सुविधा, रोग निदान प्रयोंगशालाओं के द्वारा उपलब्ध कराना ।
6– पशुओं से मानव में फैलने वाली रेबीज जैसी जानलेवा बीमारियों पर नियंत्रण स्थापित करना।
7– पशुरोग नियंत्रण की योजना (50 प्रतिशत के0पो0) के अन्तर्गत राष्ट्रीय महत्ता के विभिन्न रोगों पर नियंत्रण किया जाना।
8– स्टर्लिटी इन्फर्टीलिटी बीमारियों पर नियंत्रण करना।
9– भारत सरकार की सहायता से एफ0एम0डी0–सी0पी0(60:40 प्रतिशत)योजनान्तर्गत समस्त 75 जनपदों में प्रत्येक 6 माह पर टीकाकरण कार्य किया जाता है।
10– प्रदेश में होने वाली प्रमुख बीमारियों को भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रारूप पर सर्वे का कार्य किया जाना।
11–''रिण्डरपेस्ट'' जैसी घातक बीमारी का पुनः प्रकोप न होने के उद्देश्य से रूट सर्च एवं विलेज सर्च का कार्य किया जा रहा है।
12– रोगों के रोकथाम हेतु प्रमुख वैक्सीनों का उत्पादन जैविक औषधि उत्पादन संस्थान द्वारा किया जाना।

कार्यों का विवरण एवं निर्वहन

1– पशु चिकित्सा एवं रोगों की रोकथामः–

(अ) पशु चिकित्सा एवं रोगों की रोकथाम हेतु 2200 पशु चिकित्सालय, 268 ''द'' श्रेणी पशु औषधालयों तथा 2575 पशु सेवा केन्द्रों से निरन्तर सेवायें उपलब्ध करायी जा रही है। वर्तमान में लगभग 15000 पशु संख्या पर एक पशुचिकित्सालय स्थापित है। राष्ट्रीय कृषि आयोग की संस्तुति के आधार पर प्रत्येक 5,000 पशुओं पर एक पशुचिकित्सालय की स्थापना की जानी थी। परन्तु सीमित संसाधन एवं धनाभाव के कारण उत्तर प्रदेश में उक्त सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। वर्ष 2016–17 में नवीन पशुचिकित्सालयों की स्थापना, बाउन्ड्रीवाल का निर्माण, अधूरे/जर्जर/भवन विहीन पशु चिकित्सालयों के निर्माण के साथ–साथ नवीन पशु सेवा केन्द्रों के खोले जाने व पशु सेवा केन्द्रो के बाउन्ड्रीवाल, अधूरे/जर्जर/भवन विहीन के निर्माण का प्रस्ताव है।

(ब) पशुचिकित्सालयों का सुदृढ़ीकरण (पशुचिकित्सालयों का पुनरोद्धार तथा अतिरिक्त उपकरणों की व्यवस्था)–75 प्रतिशत सम्प्रति 50 प्रतिशत केन्द्र पोषित योजना के अन्तर्गत प्रारम्भिक चरण में चिन्हित जनपदों के अनुमोदित 150–पशुचिकित्सालयों के सापेक्ष अवशेष 26–तहसील स्तरीय पशुचिकित्सालयों का वित्तीय वर्ष 2015–16 में पुनरोद्धार अर्न्तगत निर्माण कार्य तथा 39–तहसील स्तरीय पशु चिकित्सालयों पर अतिरिक्त उपकरणों से व्यवस्थित किया जाना है। उक्त योजना के द्वितीय चरण में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित अन्य 81–तहसील स्तरीय पशुचिकित्सालयों में से 32–तहसील स्तरीय पशुचिकित्सालयों का वित्तीय वर्ष 2015–16 में पुनरोद्धार अर्न्तगत निर्माण कार्य तथा 61–तहसील स्तरीय पशुचिकित्सालयों पर अतिरिक्त उपकरणों से व्यवस्थित किये जाने का प्रस्ताव है।

2– <u>पॉलीक्लीनिक की स्थापना</u> :–

वर्तमान में विषय विशेषज्ञों द्वारा विशेष चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने हेतु पांच पशु चिकित्सा पालीक्लीनिक क्रमशः गोरखपुर, मुजफ्फरनगर, लखनऊ, बड़ौत–बागपत तथा सैफई–इटावा में कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से रेडियोलाजिस्ट, सर्जन एवं गायनोकोलाजिस्ट द्वारा विशेष रोग निदान सेवायें (विषय विशेषज्ञों द्वारा) आधुनिक उपकरणों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। इटावा जनपद के सैफई एवं जनपद–बागपत के बड़ौत में स्थापित नवीन पशु चिकित्सा पालीक्लीनिकों के संचालन हेतु पदों का सृजन हो चुका है, जिसके सापेक्ष प्रश्नगत पशुचिकित्सा पालीक्लीनिक भी क्रियाशील हो गये हैं। वर्ष 2007–08 में जनपद–गौतमबुद्धनगर में नवीन पशु चिकित्सा पालीक्लीनिक बादलपुर की स्थापना हेतु स्वीकृत है, जिसके निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2015–16 में धनराशि की उपलब्धता सुनिश्चित कर निर्माण कार्य प्रारम्भ किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। वर्ष 2014–15 में जनपद–बस्ती में नवीन पशुचिकित्सा पालीक्लीनिक, बस्ती की स्थापना हेतु स्वीकृत है, जिसके निर्माण की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही द्वितीय वर्ष 2015–16 में प्रदेश के अन्य 15–मण्डलीय जनपदों के मुख्यालय पर नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित योजना–ग्रामीण अवस्थापना विकास निधि (आर0आई0 डी0एफ0) अर्न्तगत एक–एक नवीन पशुचिकित्सा पालीक्लीनिक की स्थापना कराये जाने का प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है।

3– <u>रोग निदान तथा बीमारियों की खोज</u>:–

उक्त कार्य हेतु एक केन्द्रीय प्रयोगशाला निदेशालय पर तथा 10 मंडलीय प्रयोगशालायें मंडलों पर कार्यरत हैं, जिनके द्वारा पशुरोगों की जॉच एवं डायग्नोसिस की सेवाएं प्रदान की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2004–05 में मण्डलीय प्रयोगशाला वाराणसी एवं फैजाबाद, वर्ष 2005–06 में बरेली, मुरादाबाद तथा वर्ष 2006–07 में इलाहाबाद एवं आगरा तथा वर्ष 2007–08 में मेरठ में प्रयोगशालाओं का सुदृढीकरण किया गया है, वर्ष 2008–09 में झांसी व कानपुर में प्रयोगशालाओं के सुदृढीकरण का कार्य किया गया है। वर्ष 2009–10 में झांसी व कानपुर प्रयोगशालाओं के ही अवशेष सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया है। वर्ष 2010–11 में अलीगढ़ में स्थापित स्वाईन फीवर प्रयोगशाला के सुदृढीकरण हेतु अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2015–16 में प्रदेश के अन्य 65 जनपदों के मुख्यालय पर एक–एक नवीन रोग निदान प्रयोगशाला की स्थापना कराये जाने का प्रस्ताव है।

4– <u>पशुरोगों के नियंत्रण का कार्यक्रम</u>:–

(1) पशुपालन विभाग द्वारा आलोच्य वर्ष 2015–16 सें पशुओं के रोगों के नियंत्रण हेतु विभिन्न प्रकार के रोग निरोधक टीकाकरण का कार्य निशुल्क किया जा रहा है।

(2) पशु रोगों के नियन्त्रण हेतु राज्यों को सहायता–एस्कैड 60 प्रतिशत केन्द्र पोषित योजना के अन्तर्गत समस्त जनपदों में सघन टीकाकरण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त 75–जनपदों में एच0एस0 रोग निरोधक टीकाकरण का कार्यक्रम अभियान के रुप में चलाया जा रहा है। योजनान्तर्गत पशुओं की विभिन्न रोगों से सुरक्षा हेतु पशुपालकों को जागरुक करने हेतु विविध कार्यक्रम एवं पशुचिकित्साविदों व पैरावेटनरी कार्मिकों को समय समय पर आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किये जाने का कार्य भी किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2015–16 में समस्त 75–जनपदों में भारत सरकार के निर्देशानुसार पी0पी0आर0 टीकाकरण एक पृथक कार्यक्रम–पी0पी0आर0–सी0पी0 (60 प्रतिशत के0पो0) के अर्न्तगत किया जा रहा है।

पशु रोगो के नियन्त्रण हेतु राज्यो को सहायता (एस्कैड)–योजनार्न्तगत भारत सरकार के निर्देशानुसार 12वीं पंचवर्षीय योजना में, कुत्तों के काटने से पशुओं में होने वाले रैबीज रोग की रोकथाम हेतु रैबीज रोग निरोधक टीकाकरण एवं पशुओं को अन्तः परजीवी कीटाणुओं से सुरक्षित रखने हेतु अभियान के रुप में दवापान की व्यवस्था किये जाने के लिये इण्डो पैरासिटिक कन्ट्रोल कार्यक्रम नामक दो नवीन कार्यक्रमों का प्रदेश के समस्त जनपदों में क्रियान्वयन किया जा रहा है।

(3) वित्तीय वर्ष 2003–04 से 2013–14 तक खुरपका मुॅहपका, रोग नियंत्रण कार्यक्रम 17–जनपदों सम्प्रति 20–जनपदों में कुल 15 चरणों का टीकाकरण कार्यक्रम चलाया गया । भारत सरकार के निर्देशानुसार 12वीं पंचवर्षीय योजना में खुरपका–मुहॅपका रोग–नियन्त्रण कार्यक्रम एफ0एम0डी0– सी0पी0 के विस्तारीकरण के समक्ष वर्ष 2014–15 में प्रश्नगत कार्यक्रम का प्रदेश के समस्त 75–जनपदों को अच्छाादित कर 16वें चरण के रुप में निशुल्क एफ0एम0डी0 टीकाकरण अभियान का कार्य किया गया। वित्तीय वर्ष 2015–16 में 17वें चरण के रुप में निशुल्क एफ0एम0डी0–टीकाकरण अभियान दि0 15 सितम्बर 2015 से चलाया गया। उक्त अभियान के पूर्ण होने के उपरान्त 6 माह के अन्तराल पर आगामी चरणों में एफ0एम0डी0–टीकाकरण का नियमित अभियान चलाया जाना प्रस्तावित है।

(4) पशुरोगों के महामारी की निगरानी तथा उसकी रोकथाम के लिए प्रदेश में होने वाली प्रमुख बीमारियों के सर्वे का कार्य किया जा रहा है। वर्ष 1996–97 से अब तक 153 बीमारियों का सर्वे प्रारम्भ किया गया है, जिसके अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रारूप पर रोग का सर्वे किया जा रहा है। सर्वे कार्य को गति प्रदान करने हेतु समस्त जनपदों को दूरभाष एवं फैक्स तथा कम्प्यूटर की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है इसे राज्य मुख्यालय एवं भारत सरकार से एन0आई0सी0 नेटवर्क से जोड़े जाने की कार्यवाही क्रमित है। यह कार्यक्रम भारत सरकार की नेशनल एनिमल डिजीज रिपोर्टिंग सिस्टम (100 प्रतिशत के0पो0) योजना के माध्यम से चलाया जा रहा है।

(5) राष्ट्रीय महत्ता के कुछ प्रमुख बीमारियों जैसे टी0बी0 ब्रूसेला, पुलोरम डिजीज, स्वाइन फीवर, रैबीज एवं बोवाइन स्टर्लिटी इन्फर्टीलिटी एवं एबार्शन रोगों का नियंत्रण किया जाता है। उक्त रोगों के नियंत्रण हेतु प्रदेश में निदेशालय स्तर पर कुक्कुट रोग नियंत्रण प्रयोगशाला, टी0बी0 ब्रूसेला यूनिट स्थापित है। वर्तमान समय में 9 स्टर्लिटी इन्फर्टिलिटी एंव 10 कैनाइन रैबीज यूनिट, 2 पुलोरम डिजीज यूनिट, एक सूकर रोग निदान प्रयोगशाला स्थापित हैं।

(6) पशुरोगों के नियंत्रण के अन्तर्गत नेशनल कन्ट्रोल प्रोग्राम आन ब्रुसेलोसिस (एन0सी0पी0बी0)– 100 प्रतिशत सम्प्रति 50 प्रतिशत केन्द्र पोषित योजना के माध्यम से प्रदेश में प्रजनन योग्य मादा पशुओं में प्रजनन योग्य मादा पशुओं में संक्रामक गर्भपात (ब्रुसेल्लोसिस) को नियंत्रित करने हेतु कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

5– <u>नेशनल प्रोजेक्ट ऑन रिन्डरपेस्ट सर्विलान्स एण्ड मानीटरिंग</u> :–

यह 100 प्रतिशत केन्द्र पुरोनिधानित योजना है। भारत सरकार द्वारा प्रदेश को पोकनी रोग से मुक्त घोषित किया गया है। पूरे प्रदेश में ''रिन्डर पेस्ट'' जैसी घातक बीमारी का पुनः प्रकोप न होने के उद्देश्य से रूट सर्च एवं विलेज सर्च का कार्य किया जा रहा है। जिसके अर्न्तगत रोग से ग्रस्त सम्भावित पशुओं को डे–बुक रजिस्टर में अंकित करना तथा पशुओं पर व्यापक निगरानी रखने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आर0 पी0 रोग वर्तमान समय में नही है, परन्तु यह रोग वायरस द्वारा फैलने वाला बहुत ही भयानक रोग है जिसके संचारित होने की सदैव सम्भावना बनी रहती है, इसलिये इस पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखना आवश्यक है। इस रोग की रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप पर भारत सरकार को प्रतिमाह भेजी जाती हैं।

प्रक्रियात्मक रणनीतिः–

पशु चिकित्सा एवं पशु स्वास्थ्य से सम्बन्धित समस्त कार्यक्रमों के लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति तथा उसमें गुणात्मक सुधार लायें जाने हेतु निम्न प्रक्रिया अपनाये जाने हेतु बल दिया गया हैः–

1. रोग नियंत्रण सम्बन्धी सभी कार्यक्रमों के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को चिन्हित कर वार्षिक, त्रैमासिक तथा मासिक लक्ष्यों को निर्धारित कर तदानुसार समीक्षा, मूल्यांकन तथा कार्यक्रम में आने वाली कठिनाइयों के निराकरण हेतु त्वरित प्रभावी कार्यवाही किये जाने की व्यवस्था की गई है ।
2. पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी तथा पशुओ में रोगों के रोकथाम संबंधी कार्यक्रमों को पशुपालकों में लोकप्रिय बनाने तथा उन्हें आधुनिकतम जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पशुपालन प्रचार–प्रसार को और सुदृढ़ किया जा रहा है । आज जबकि कृषि का विकास तेजी से हो रहा है तथा पशुधन का महत्व कृषि कार्य के लिये उपयोगी होता जा रहा है। जैविक खाद के अभाव तथा रसायनिक खाद के उपयोग से कृषि भूमि की उर्वरता शक्ति लगातार घटती जा रही है। जो भविष्य में कृषि के लिये एक बहुत बड़ा खतरा बनता जा रहा है।ऐसी स्थिति मे पशुधन का विशेष महत्व है।अतएव कृषि उपज में वृद्धि लाने, भूमि की उर्वरता शक्ति को बरकरार रखने एवं पौष्टिक खाद्यान्न पैदा करने हेतु पशुपालन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पशुपालन से एक ओर जैविक खाद की उपलब्धता सुनिश्चित होगी वही उसके उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति को अधिकाधिक समय तक बनाये रक्खा जा सकता है और पशुपालन से प्रचुर मात्रा में दुग्ध तथा दुग्ध पदार्थो का उपयोग भी करने को मिलेगा।उत्तम स्वास्थ्य के लिये दुग्ध के उपयोग के साथ ही जैविक खाद के उपयोग से पौष्टिक खाद्यान्न की पैदावार को बढ़ाया जा सकता है। विभाग द्वारा जनमानस में प्रचार–प्रसार, कृषकों एवं पशुपालकों को सामयिक जानकारी उपलब्ध कराने हेतु वर्तमान रणनीति के साथ–साथ समय की मांग के अनुरुप व्यापक तकनीकि रणनीति भी तैयार की जा रही है।

पशुरोगों के नियंत्रण के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के लक्ष्य/पूर्ति का विवरण

(संख्या लाख में)

	वर्ष 2013–14		वर्ष 2014–15	
कार्यक्रम	लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति
टीकाकरण	873.210	695.41	1669.770	968.50
चिकित्सा	301.650	319.122	302.860	325.25

	वर्ष 2015–16		वर्ष 2016–17	
कार्यक्रम	लक्ष्य	पूर्ति (माह सितम्बर 2014 तक)	लक्ष्य	पूर्ति
टीकाकरण	1766.04	722.85	लक्ष्य निर्धारण की कार्यवाही क्रमित	–
चिकित्सा	302.86	230.86		–

रोगों से बचाव हेतु टीकों का उत्पादन :–

रोगों के निदान से बेहतर बचाव के सिद्धान्त को मानते हुए पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाव के लिये पशु जैविक औषधि संस्थान द्वारा उत्पादित टीका बहुत प्रभावकारी है।पशु पक्षियों में विभिन्न रोगों के रोकथाम हेतु टीकों के उत्पादन का कार्य निदेशालय स्थित पशु जैविक औषधि संस्थान के द्वारा किया जा रहा है।

पशु जैविक औषधि संस्थान बादशाहवाग लखनऊ में विभिन्न प्रकार की विषाणु तथा जीवाणु जनित रोगों से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के टीकों (वैक्सीनों) का उत्पादन किया जाता है। संस्थान में इनके उत्पादन के पश्चात् प्रयोगात्मक पशुओं पर इनका परीक्षण तथा विश्लेषण होता है, उच्चतम गुणवत्ता सुनिश्चित होने पर ही वितरण हेतु इन्हे जारी किया जाता है। प्रदेश के जनपदों से प्राप्त मांग के अनुसार उत्पादित वैक्सीनों का वितरण संस्थान द्वारा ही सुनिश्चित किया जाता है।

पशु जैविक औषधि संस्थान, बादशाहबाग, लखनऊ द्वारा वर्ष 2013–14 में विभिन्न 08 प्रकार की वैक्सीनों का उत्पादन किया गया। वर्ष 2013–14 में कुल 216.08 लाख खुराक वैक्सीन उत्पादित हुई तथा वर्ष 2014–15 में 228.494 लाख खुराक वैक्सीन उत्पादित हुई, जैसा कि क्रमशः तालिका 1 व 2 में दर्शाया गया है।

तालिका–1 3– रोगों से बचाव हेतु टीकों का उत्पादन (खुराक.....लाख में)

जैविक औषधियों के नाम तालिका (लाख में)	2013–14 वास्तविक		2014–15 वास्तविक		2015–16 वास्तविक 31.10.2015 तक	
	लक्ष्य	उत्पादन	लक्ष्य	उत्पादन	लक्ष्य	उत्पादन
1. आर0डी0एफ0–1 वैक्सीन	10.00	8.30	10.00	8.350	11.00	0.00
2. आर0डी0(आर0–2बी) वैक्सीन	60.00	64.60	62.00	66.756	42.00	33.56
3. फाउल पाक्स वैक्सीन	6.00	2.20	6.00	2.400	2.85	0.00
4. स्वाइन फीवर वैक्सीन	1.20	0.80	1.20	0.733	1.10	0.60
5. एच0एस0एलम वैक्सीन	140.00	130.78	145.00	139.70	161.00	168.54
6. बी0क्यू0 वैक्सीन	2.00	2.05	2.10	2.375	0.00	0.00
7. टिशू कल्चर शीपपाक्स वैक्सीन	5.00	5.00	5.20	5.20	0.90	0.00
8. इन्ट्रोटॉक्सीमिया वैक्सीन	2.00	2.35	2.10	2.980	00.00	0.00
योग	**226.20**	**216.08**	**233.60**	**228.494**	**218.85**	**202.70**

तालिका–2 वैक्सीन की उपलब्धि एवं वितरण की स्थिति (खुराक लाख में)

जैविक औषधियों के नाम	2014–15 वास्तविक		2015–16 (वास्तविक) माह 31.10.15 तक	
	वितरण हेतु उपलब्ध वैक्सीन	वितरण	वितरण हेतु उपलब्ध वैक्सीन	वितरण
1. आर0डी0(आर0–2बी) वैक्सीन	95.896	89.912	39.572	32.160
2. आर0डी0एफ0–1 स्ट्रेन वैक्सीन	13.680	5.610	8.204	8.040
3. फाउल पा0वैक्सीन	4.006	3.366	0.640	0.640

4. स्वाइन फीवर वैक्सीन	1.135	0.811	0.924	0.680
5. एच0एस0एलम वैक्सीन	250.828	244.047	242.270	218.765
6. बी0क्यू0 वैक्सीन	4.234	1.980	2.253	2.206
7. इन्ट्रोटॉक्सीमिया वैक्सीन	9.953	4.720	5.233	4.113
8. टिशू कल्चर शीपपाक्स वैक्सीन	5.330	2.400	2.390	2.195
9. पी0पी0आर0 वैक्सीन	16.720	13.616	3.104	2.228
10. एफ0एम0डी0 वैक्सीन प्राइवेट	0.128	0.128	00.00	0.00
11. ब्रूसेल्ला वैक्सीन	0.922	0.922	0.00	0.00
योग	**402.832**	**367.512**	**304.590**	**271.027**

नोट :–वित्तीय वर्ष 2015–16 में एच0एस0 वैक्सीन 67.255 लाख खुराक वैक्सीन निदेशालय द्वारा क्रय कर संस्थान को वितरण हेतु उपलब्ध कराया गया है।

वर्ष 2015–16 के लिये रु0 110097.00 हजार रुपये के बजट की मांग की गई है, जिससे कि संस्थान द्वारा प्रदेश में उपलब्ध बडे. पशुओं छोटे पशुओं तथा मुर्गियों को संक्रामक रोगो से बचाव के लिये क्षमता अनुसार अधिक से अधिक जैविक औषधियों/ टीके निर्मित किये जा सकेंगे। प्रस्तावित धनराशि से तालिका–3 के अनुसार वर्ष 2015–16 हेतु लक्ष्य रखा गया है।

तालिका–3 उत्पादित किये जा रहे वैक्सीनों हेतु वर्ष 2016–17 के लक्ष्य (खुराक लाख में)

जैविक औषधियों के नाम	**2015–16 पुनरीक्षित 31.10.2015 तक**		**2016–17 के अनुमानित लक्ष्य**	
	उत्पादन	**वितरण**	**उत्पादन**	**वितरण**
1. आर0डी0 (आर0–2 बी) वैक्सीन	66.00	32.160	66.00	–
2. आर0डी0एफ0–1 वैक्सीन	11.00	8.040	11.00	–
3. फाउल पाक्स वैक्सीन	6.60	0.640	6.60	–
4. स्वाइन फीवर वैक्सीन	1.30	0.680	1.30	–
5. एच0एस0एलम वैक्सीन	245.00	151.510	250.00	–
6. बी0क्यू0 वैक्सीन	2.20	2.207	2.20	–
7. टिशू कल्चर शीपपाक्स वैक्सीन	5.50	4.113	5.50	

8. इन्ट्रोटॉक्सीमिया वैक्सीन	2.20	2.195	2.20	—
योग	**339.80**	**201.545**	**344.80**	—

तालिका–4 पशु जैविक औषधि संस्थान, लखनऊ के 2016–17 के वैक्सीन उत्पादन का त्रैमासवार लक्ष्य

(खुराक लाख में)

वैक्सीन का नाम	**प्रथम त्रैमास**	**द्वितीय त्रैमास**	**तृतीय त्रैमास**	**चतुर्थ त्रैमास**	**वार्षिक योग**
1. आर0डी0 (आर–2 बी) वैक्सीन	18.00	18.00	16.00	14.00	66.00
2. आर0डी0एफ0–1 वैक्सीन	2.50	6.50	2.00	0.00	11.00
3. फाउल पाक्स वैक्सीन	0.00	2.00	2.55	2.05	6.60
4. स्वाइन फीवर वैक्सीन	0.00	0.90	0.40	0.00	1.30
5. एच0एस0एलम वैक्सीन	90.00	85.00	0.00	75.00	250.00
6. बी0क्यू0 वैक्सीन	0.00	0.00	2.20	0.00	2.20
7. इन्ट्रोटॉक्सीमिया वैक्सीन	0.00	0.00	2.20	0.00	2.20
8. टिशू कल्चर शीपपाक्स वैक्सीन	0.00	0.00	2.80	2.70	5.50
योग	**110.50**	**112.40**	**28.15**	**93.75**	**344.8**

तालिका–5 वर्ष 2016–17 में वैक्सीन उत्पादन का प्रस्तावित माहवार कार्यक्रम

वैक्सीन का नाम	अप्रैल 2016	मई 2016	जून 2016	जुलाई 2016	अगस्त 2016	सितम्बर 2016	अक्टूबर 2016
1. आर0डी0 (आर–2 बी) वैक्सीन	6.00	6.00	6.00	6.00	6.00	6.00	6.00
2. आर0डी0एफ0–1 वैक्सीन	0.00	0.00	2.50	2.50	2.00	2.00	2.00
3. फाउल पाक्स वैक्सीन	0.00	0.00	0.00	0.00	1.00	1.00	0.85
4. स्वाईन फीवर वैक्सीन	0.00	0.00	0.00	0.00	0.50	0.40	0.20
5. एच0एस0एलम प्रे0 वै0	30.00	30.00	30.00	30.00	30.00	25.00	0.00
6. बी0 क्यू0 वैक्सीन	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
7. टी0सी0शीप पाक्स वै0	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.90
8. ई0टी0वी0 वैक्सीन	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
योग	**36.00**	**36.00**	**38.50**	**38.50**	**39.50**	**34.40**	**9.95**

वैक्सीन का नाम	नवम्वर 2016	दिसम्वर 2016	जनवरी 2017	फरवरी 2017	मार्च 2017	वार्षिक योग
1. आर0डी0 (आर–2बी) वैक्सीन	5.00	5.00	5.00	5.00	4.00	66.00
2. आर0डी0एफ0–1 वैक्सीन	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	11.00
3. फाउल पाक्स वैक्सीन	0.85	0.85	0.85	0.60	0.60	6.60
4. स्वाईन फीवर वैक्सीन	0.20	0.00	0.00	0.00	0.00	1.30

5. एच0एस0एलम प्रे0 वै0	0.00	0.00	20.00	25.00	30.00	250.00
6. बी0 क्यू0 वैक्सीन	1.10	1.10	0.00	0.00	0.00	2.20
7. टी0सी0शीप पाक्स वै0	0.90	1.00	1.00	0.90	0.80	5.50
8. ई0टी0वी0 वैक्सीन	1.10	1.10	0.00	0.00	0.00	2.20
योग	**9.15**	**9.05**	**26.85**	**31.50**	**35.40**	**344.80**

नोटः— क्षेत्रीय मॉग के अनुसार उत्पादन एवं वितरण घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

4—उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा परिषद

वित्तीय माँग

धनराशि लाख रु0 में

लेखाशीर्षक	वास्तविक व्यय			आय—व्ययक अनुमान		
	2014—15			2015—16		
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग
उ0प्र0 वेटरिनरी काउंसिल	31.92	—	31.92	58.36	—	58.36
लेखाशीर्षक	पुनरीक्षित अनुमान			आय—व्ययक अनुमान		
	2015—16			2016—17		
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग
उ0प्र0 वेटरिनरी काउंसिल	53.28	—	53.28	71.53	—	71.53

प्रदेश में पशु चिकित्सा व्यवसाय को रेगुलेट करने तथा पशुपालकों को पशुओं की चिकित्सा स्नातक पशु चिकित्साविदों द्वारा उपलब्ध कराने तथा उन्हें पशु चिकित्सा की आधुनिक पद्धति की जानकारी देने के ध्येय से भारत सरकार द्वारा पारित भारतीय पशु चिकित्सा अधिनियम 1984 उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अंगीकृत किये जाने के पश्चात इसके अधीन भारत सरकार की सहायता से उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा परिषद् कार्यालय की स्थापना की गई। कार्यालय की स्थापना के उपरान्त से

सरकारी तथा गैर सरकारी पशु चिकित्साविदों के पंजीकरण की कार्यवाही की जा रही है । परिषद् की स्थापना की तिथि से दिनांक 30.09.2015 तक किये गये पंजीकरण, नवीनीकरण प्रमाणपत्र तथा निरस्तीरण की स्थिति निम्नवत है :–

1–पंजीकरण :– 6342

2–नवीनीकरण :– 6933

3– निरस्तीकरणः– 349

उक्त के अतिरिक्त पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु जितने भी आवेदन पत्र प्राप्त होते है, पूर्ण व सही पाये जाने पर उनका शत प्रतिशत पंजीकरण/नवीनीकरण किया जाता है। बी0वी0एस0 सी0 एण्ड ए0एच0 कोर्स की समाप्ति पर जितने भी आवेदन पत्र प्रोविजनल प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त होते हैं, सही पाये जाने पर शत–प्रतिशत अस्थाई प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने का लक्ष्य है।

5–पशु तथा भैंस विकास

वित्तीय आवश्यकताओं का विवरण

वित्तीय मांग धनराशि लाख रू0 में

लेखाशीर्षक	वास्तविक व्यय			आय–व्ययक अनुमान		
	2014–15			2015–16		
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग
पशु तथा भैंस विकास	9339.61	–	93.61	9913.23	–	9913.23
लेखाशीर्षक	पुनरीक्षित अनुमान			आय–व्ययक अनुमान		
	2015–16			2016–17		
	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग	आयोजनागत	आयोजनेतर	योग
पशु तथा भैंस विकास	12249.65	141.00	12390.65	17621.12	141.00	17762.12

परिचयात्मक / उद्देश्य :–

प्रदेश में पशु विकास का कार्यक्रम निम्नलिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये चलाया जा रहा है :–

1– प्रदेश में पशु प्रजनन नीति वर्ष 2002 से प्रभावी है। पशु प्रजनन नीति को वर्तमान परिपेक्ष्य में विशेषज्ञों के सहयोग से रिव्यू किया जाना।

2– कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य वर्ष 2015–16 में 82.50 लाख निर्धारित किया गया है तथा बारहवी पंचवर्षीय योजना के अन्त तक 125 लाख प्रजनन योग्य पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान किये जाने का लक्ष्य है जिससे प्रदेश की कुल प्रजनन योग्य पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान द्वारा 50 प्रतिशत आच्छादन हो जायेगा ।

3– कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण कर पशुपालकों के द्वार पर कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध कराना।

4– प्रत्येक पशुचिकित्सालय क्षेत्र में बांझपन निवारण शिविरों का आयोजन कर बांझपन समस्या से ग्रस्त पशुओं का उपचार कर प्रजनन योग्य बनाना है एवं पशुओं में परजीवी कृमिनाशक दवापान, मिनरल मिक्सचर, टीकाकरण कार्यक्रमों के माध्यम से उत्पादकता को बढाया जाना ।

5– उच्च गुणवत्ता के जर्म प्लाज्म को बढ़ावा देने हेतु तथा प्रदेश में उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये कामधेनु योजना लागू किया जाना।

6– पशुओं में परजीवी कृमिनाशक दवापान, मिनरल मिक्सचर, टीकाकरण / कार्यक्रमों के माध्यम से उत्पादकता को बढाया जाना।

7– ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन संबंधी स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना ।

पशु विकास कार्यक्रम वस्तुतः मुख्य रूप से उन्नत प्रजनन पर आधारित है, जिसके लिये 5043 विभागीय संस्थाओं द्वारा कृत्रिम गर्भाधान सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। स्वरोजगाार के अर्न्तगत प्रशिक्षित 8168 पैरावेटस के द्वारा भी कृत्रिम गर्भाधान सेवा पशुपालक के द्वार पर उपलब्ध करायी जा रही है।

अतिहिमीकृत वीर्य स्ट्राज का वर्षवार लक्ष्य व उत्पादन निम्नवत् है :– आंकड़े (लाख में)

क्र0 सं0	मद	2013–14		2014–15		2015–16		2016–17
		लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य
1	अतिहिमीकृत वीर्य स्ट्रॉज का उत्पादन	13.65	13.48	8.45	4.41	12.50	4.38	20.00

<u>प्रदेश में पशु प्रजनन नीति</u> :–

